बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड

(निबंधित कार्यालयः विद्युत भवन, बेली रोड, पटना 800 021)

(बिहार सरकार का उपक्रम)

(निगमित पहचान नं0 U40102BR2012SGC018889)

सार्वजनिक सूचना

बिहार स्टेट पावर ट्रान्समिशन कंपनी लिमिटेड "अपीलकर्ता" के द्वारा, विद्युत अपील अधिकरण के समक्ष बिहार विद्युत विनियामक आयोग के द्वारा याचिका संख्या 37/2018 में दिनांक 07.05.18 को एवं समिक्षा याचिका संख्या 15/2018 में दिनांक 20.11.2018 को पारित टैरिफ आदेश के विरूद्ध दायर की गई अपिल संख्या–383/2019 पर आम जन एवं सभी हितधारकों से आपत्ति/प्रतिक्रिया के संबंध में।

1. बिहार स्टेट पावर ट्रान्समिशन कंपनी लिमिटेड ने माननीय विद्युत अपील अधिकरण के समक्ष बिहार विद्युत विनियामक आयोग के द्वारा याचिका संख्या 37/2018 में, दिनांक 07.05.18 को एवं समिक्षा याचिका संख्या 15/2018 में, दिनांक 20.11.2018 को पारित टैरिफ आदेश के विरूद्ध अपील संख्या–383/2019 दायर की है। उक्त अपील दिनांक 21.11.2019 को दाखिल की गई एवं माननीय विद्युत अपिल अधिकरण ने आम जनता को सूचित करने एवं अपिल पर आपत्ति/प्रतिक्रिया, यदि कोई, अगामी सुनवाई के तिथि अर्थात् 16.01.2020 के पूर्व दायर की जा सकती है। इस अपील की सुनवाई दिनांक 16.01.2020 को माननीय विद्युत अपील अधिकरण, नई दिल्ली के समक्ष निर्धारित है।

2. अपील की प्रति बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड के वेबसाईट www.bsptcl.in पर उपलब्ध है।

3. सभी हीतधारकों, आम जनता एवं संबंधित जो अपिल पर आपत्ति/प्रतिक्रिया दायर करना चाहते है वो तीन प्रति में रजिस्ट्री, विद्युत अपील अधिकरण, 7 वाँ तल्ला, कोर–4, स्कोप कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड़, नई दिल्ली–110003 के समक्ष अगली सुनवाई की तारिख यानी 16.01.2020 के पूर्व प्रेषण प्रमाण पत्र के साथ अपिलकर्ता के अधिकृत प्रतिनिधि, मुख्य अभियंता, एस0टी0यू0, बिहार स्टेट पावर ट्रान्समिशन कंपनी लिमिटेड, चौथा तल्ला, विद्युत भवन, बेली रोड, पटना–800021 को संबोधित करते हुए भेज सकते है।

4. प्रेषक उपरोक्त प्रस्तुति पुरे नाम, पता एवं ईमेल आय0डी के साथ, शपथ पत्र के अधिसूचित प्रारुप में (अपिल की प्रति एवं प्रारूप वेबसाइट पर उपलब्ध है) कर सकते है। सुनवाई के दौरान यदि अपिलकर्ता व्यक्तिगतरूप में, अपनी बात रखना अथवा सुनना चाहते है तो वे विद्युत अपिल अधिकरण के समकक्ष 11:00 बजे पूर्वाह्न में दिनांक 16.01.2020 को उपस्थित हो सकते है, इसके लिए अलग से कोई सुचना नहीं निर्गत की जाएगी।

वास्ते बिहार स्टेट पावर ट्रान्समिशन कंपनी लिमिटेड

06.12.2019

(उत्तम कुमार)
निदेशक (परिचालन)
चतुर्थ मंजिल, विद्युत भवन,
जवाहर लाल नेहरू मार्ग, पटना–800021